दिन– मंगलवार | दिनांक– 31/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– नालंदा विश्वविद्यालय भारत की ज्ञान परंपरा और हमारी संकल्प शक्ति का प्रतीक।

02. चौबीसवें तीर्थंकर महावीर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पानी बचाने और स्वच्छता अपनाने की अपील की।

03. नालंदा के शीतला मंदिर में भगदड़ हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने किया घटनास्थल का निरीक्षण।

04. और, भगदड़ हादसे में मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ने अनुग्रह राशि देने का किया ऐलान।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरूद्धार भारत की ज्ञान परंपरा और हमारी संकल्प शक्ति का प्रतीक है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने आज विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरूद्धार सिर्फ बिहार और भारत के लिए नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरूआत है।

–––बाइट–––

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने विश्वविद्यालय के पुनरूत्थान को लेकर भारत सरकार की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में इस विश्वविद्यालय की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी।

–––बाइट–––

इस अवसर इकतीस देशों के छात्रों के बीच डिग्री और उपाधि का वितरण किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने विभिन्न संकायों के छत्तीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और दस शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय

परिसर में दक्षिण–पूर्व एशियाई अध्ययन केन्द्र का औपचारिक शुभारंभ भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाईसवें आसियान –भारत शिखर सम्मेलन के दौरान इस केन्द्र की स्थापना की घोषणा की थी।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा की धरती पारंपरिक रूप से विश्व में ज्ञान, विज्ञान का प्रसार करती रही है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा आज भी जारी है। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नालंदा विश्व विद्यालय की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवा इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। समारोह को राज्य सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने भी संबोधित किया।

---

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज मनायी जा रही है। यह पर्व करूणा, संयम और सत्य के व्रत का पालन करने का संदेश देता है। इस अवसर पर भगवान महावीर से जुड़े राज्य के प्रमुख स्थलों नालंदा, वैशाली और जमुई जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वैशाली में आज से तीन दिवसीय वैशाली महोत्सव की भी शुरूआत हो रही है। महोत्सव का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान महावीर के आदर्श सदैव सार्थक बने हुये है। श्री मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर आज गुजरात के गांधीनगर स्थित कोबा  में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि महावीर स्वामी के उपदेश और जीवन मूल्य भारतीय सभ्यता की आधारशिला है। प्रधानमंत्री ने सभी से दस संकल्पों को अपनाने और उनके संरक्षण करने पर बल दिया है।

–––बाइट–––

पहले संकल्प पानी बचाने का, दूसरा एक पेड़ मां के नाम, तीसरा स्वच्छता का मिशन, चौथा वोकल फॉर लोकल, 5वां देश दर्शन, छठा नेचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवां हेल्दी लाइफ इस्टाइल को अपनाना, आठवां योग और खेल को जीवन में लाना, नौवां संकल्प है गरीबों की सहायता का संकल्प और दसवा संकल्प आप सभी ने स्वयं से जोड़ लिया है और वह है भारत की विरासत का संरक्षण।

---

केन्द्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नए सचिवों की नियुक्ति की है। बिहार कैडर के 1992 बैच के आई.ए.एस, भारतीय प्रशासनिक सेवा– अधिकारी चंचल कुमार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, मंत्रालय के मौजूदा सचिव संजय जाजू को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। भुवनेश कुमार को पर्यटन सचिव और श्रीवत्स कृष्णा को अल्पसंख्यक मामलों का सचिव नियुक्त किया गया है। रोहित कंसल को ग्रामीण विकास विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

---

पटना स्थित बापू टॉवर और वैशाली के बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप को दो हजार छब्बीस के सत्रहवीं विश्वकर्मा अवार्ड के लिए चुना गया है। भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित इन दोनों स्थलों का चयन बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में किया गया है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह इंजीनियर, आर्किटेक्ट और पूरी निर्माण टीम की मेहनत का फल है।

---

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा शीतला मंदिर में आज पूजा–अर्चना के दौरान भगदड़ मच गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि भगदड़ में आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। हादसे में कई श्रद्धालु घायल हो गये हैं। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चैत्र माह के अंतिम मंगलवार होने के कारण मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान अफवाह फैलने से भगदड़ मच गयी। प्रशासन ने तत्काल मेले को बंद करवा दिया है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

---

नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि घुटन और पानी की कमी के कारण कई लोग बेहोश होकर गिरने लगे, जिसके बाद भीड़ बेकाबू हो गई। मौके पर भगदड़ में आठ लोगों की मृत्यु हो गई।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना में मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में घटना में मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को पचास–पचास हजार रूपये दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के निकटतम आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार–चार लाख तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है।

---

नालंदा से जदयू सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस घटना से सभी मर्माहत है। उन्होंने कहा कि उपवास में रहने और पानी की कमी के कारण यह घटना घटित हुई।

–––बाइट–––

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भगदड़ की घटना अत्यंत दु:खद है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जा रही है।

–––बाइट–––

इधर, विपक्षी दल कांग्रेस ने घटना के लिए सरकार की कुव्यवस्था को जिम्मेदार बताया है। कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण यह घटना हुई है।

———बाइट———

---

आर्थिक अपराध इकाई ने आय से अधिक संपत्ति मामले में किशनगंज में पदस्थापित एसडीपीओ गौतम कुमार के पूर्णियां स्थित आवास समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की है। ईओयू की एक महिला अधिकारी ने बताया कि अलग–अलग टीमों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान गहनों की जांच और वजन करने के लिए टीम ने मशीन भी मंगाई। बताया जा रहा है कि आरोपी से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है।

---

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण राज्य के विभिन्न भागों में मौसम एक बार फिर बदला है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई है। विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, भभुआ, भोजपुर, बक्सर, मुंगेर, बांका समेत प्रदेश के अठारह जिलों में आज आंधी–बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से इस दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

---

बक्सर की आकांक्षा पांडेय ने राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में का महिला एकल खिताब जीत लिया है। बेगूसराय के श्रीकृष्ण सिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में आकांक्षा ने पटना की सारा कौसर को सीधे सेटों में पराजित कर दिया। वहीं, पुरूष एकल वर्ग का खिताब पटना के कार्तिक ने जीत लिया है। जबकि मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में पटना की टीम ने पूर्णियां को पराजित कर जीत लिया।

---

बिहार ग्रीड कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अंतरिम लाभांभ की घोषणा कर दी है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि यह राज्य की ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक विकास और मजबूत वित्तीय स्थिति का संकेतक है।

---

मुंगेर जिला प्रशासन ने घरेलू गैस की कालाबजारी करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट और मिष्ठान दुकानों से एक दर्जन से अधिक सिलेंडर जब्त किये है।

---

सुपौल की उपविकास आयुक्त सारा अशरफ ने वृहद आश्रय गृह स्थित बाल गृह में बच्चों की देखरेख संरक्षण और उनके लिए की गई विभिन्न सुविधाओं के निरीक्षण भी किया। उपविकास आयुक्त ने भोजन की गुणवता का भी जांच किया।

---

शेखपुरा जिले के सदर अस्पताल में रोटरी क्लब की ओर से अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ के.एन प्रताप ने आग से बचाव के टिप्स साझा किये।

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– नालंदा विश्वविद्यालय भारत की ज्ञान परंपरा और हमारी संकल्प शक्ति का प्रतीक।

02. चौबीसवें तीर्थंकर महावीर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पानी बचाने और स्वच्छता अपनाने की अपील की।

03. नालंदा के शीतला मंदिर में भगदड़ हादसे में आठ लोगों की मौत की पुष्टि। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने किया घटनास्थल का निरीक्षण।

04. और, भगदड़ हादसे में मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार और केन्द्र सरकार ने अनुग्रह राशि देने का किया ऐलान।

---

**समाप्त**